# बालमन

Powered by Teachers of Bihar



दिसंबर-2023

अंक-12

## प्रखंड: चाँद

## जिला: कैमूर

प्रधान संपादक

**प्रमोद कुमार" निराला "**

Pramod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

wwww.teachersofbihar.org

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही हैं
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)



## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय



**प्यारे बच्चों ,**
**नमस्कार**
**पौष मास के इस द्वादश पत्रिका को समर्पित करते हुए आप सभी से आग्रह है कि गर्म/ऊनी कपड़ों का पहनकर ही निकले साथ ही अपने मित्रों को इसको पहनने की सलाह दें।**
**ठंड से बचाव को ध्यान में रखते हुए आप सभी बच्चे अपने-अपने विद्यालय में निरंतर रचनात्मक कला एवं नवाचार करते रहे साथ ही अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दें। आपके पास कोई कला है तो उसको बालमन टीम तक जरूर पहुंचाएं। आप सभी के साथ हमारी बालमन चांद टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सदा प्रयत्नशील है। अनजाने में कोई त्रुटि या भूल हुई है तो उसके लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं। आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।**
**प्रमोद कुमार**
**क. म.वि.चांद, कैमूर**

# सहयोगी सदस्य

1-उदय पांडे, म.वि.चांद
2-मो.असलम, म.वि.चांद
3- प्रीति कुमारी,उ.म.वि.धोबहां
4-मीरा कुमारी,उ.माध्यमिक वि.भलुहारी
5-विनीतातिवारी, प्रा.वि.किशनपुरा
6- सुमन सिंह पटेल,क.म.वि.चांद

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती


www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनाराय


27 दिसम्बर 2023
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
कर्तव्य कभी आग और पानी की परवाह नहीं करता, कर्तव्य पालन में ही चित्त की शांति है।
मुंशी प्रेमचंद
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मिर्जा गालिब
जन्म- 27 दिसंबर 1796
मृत्यु- 15 फरवरी 1869
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 27.12.2023

### कथात्मक कविता

एक कथात्मक कविता एक प्रकार की कविता है जिसमें कहानी कहने के तत्व जैसे कथानक, काव्यात्मक उपकरण और छंद, छंद और पद्य जैसे रूप शामिल होते हैं। कथात्मक कविता को कथात्मक कविताओं के अतिरिक्त उपप्रकारों में विभाजित किया जा सकता है। ये प्रकार हैं सामान्य काव्य, गाथागीत, महाकाव्य और काव्य।

www.teachersofbihar.org

# पद्य पंकज

"

अवसर तेरे लिए खड़ा है,
फिर भी तू चुपचाप पड़ा है।
तेरा कर्मक्षेत्र बड़ा है,
पल पल है अनमोल।
अरे भारत! उठ, आंखें खोल।।

**मैथिली शरण गुप्त**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

**Teachers of Bihar**

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 27 दिसम्बर

1. **ग़ालिब का जन्म–** उर्दू–फारसी के प्रख्यात कवि मिर्जा ग़ालिब का जन्म 27 दिसम्बर, 1797 ई. को उत्तर प्रदेश राज्य के आगरा में हुआ था। उनका पूरा नाम मिर्जा असदउल्ला बेग खान 'ग़ालिब' था। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'दीवान–ए–ग़ालिब', 'उर्दू–ए–हिन्दी', 'उर्दू–ए–मुअल्ला', 'नाम–ए–ग़ालिब', 'लतायफे गैबी', 'दुवपशे कावेयानी' आदि हैं।

   "हैं और भी दुनिया में सुखन्वर बहुत अच्छे
   कहते हैं कि ग़ालिब का है अन्दाज–ए–बयां और"

2. **लांस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म–** भारतीय सेना के एक जांबाज सिपाही लांस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म 27 दिसम्बर, 1942 ई. को झारखंड राज्य के गुमला में हुआ था। वर्ष 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों के दाँत खट्टे करते हुए वे शहीद हो गये। उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

3. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना दिवस–** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना 27 दिसम्बर, 1945 ई. को हुई थी। 1 मार्च, 1947 को यह संयुक्त राष्ट्र संघ का विशिष्ट अभिकरण बना। इस संगठन का उद्देश्य विश्व के विभिन्न देशों में मुद्रा संबंधी सहयोग बढ़ाना, विनिमय में स्थिरता लाना, अंतराष्ट्रीय व्यापार में सुविधा तथा सदस्य राष्ट्रों को आर्थिक सुविधा प्रदान करना है। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में है।

### क्या आप जानते हैं ?

**जन-गण-मन (राष्ट्रगान)**

इसे पहली बार 27 दिसंबर 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता सत्र में गाया गया था।

Wednesday



Madhu priya

**Teachers of Bihar**

The change makers

# दिवस विशेष

27 दिसंबर


मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष स्थापना दिवस 27 दिसंबर




इण्टरनेशनल मॉनिटरी फ़ण्ड , आईएमएफ़ एक अन्तरराष्ट्रीय संस्था है, जो अपने सदस्य राष्ट्रों की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर दृष्टि रखने का कार्य करती है। यह अपने सदस्य देशों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। यह संगठन अन्तरराष्ट्रीय विनिमय दरों को स्थिर रखने के साथ-साथ विकास को सुगम करने में सहायता करती है। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन डी॰ सी॰, संयुक्त राज्य में है। इस संगठन के प्रबन्ध निदेशक डॉमनिक स्ट्रॉस है। आईएमएफ़ की विशेष मुद्रा एसडीआर (स्पेशल ड्राइंग राइट्स) है। अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और वित्त के लिए कुछ देशों की मुद्रा का इस्तेमाल किया जाता है, इसे एसडीआर कहते हैं। एसडीआर में यूरो, पाउण्ड, येन और डॉलर हैं। आईएमएफ़ की स्थापना 1944 में की गई थी। विभिन्न देशों की सरकार के 45 प्रतिनिधियों ने अमेरिका के ब्रिटेन वुड्स में बैठक कर अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार की थी। 27 दिसम्बर, 1945 को 29 देशों के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आईएमएफ़ की स्थापना हुई।


Teachers of Bihar
The change makers
गुणकारी सब्जियां
शकरकंद
मैं vit.A,B,C और D से भरपूर हूं। मुझमें आलू से ज्यादा स्टार्च पाया जाता है। वसा कार्बोहाइड्रेट ,प्रोटीन, फाइबर आदि भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।
Anu priya
www.teachersofbihar.org


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
दुनियाभर मे मौजुद पक्षियो की प्रजात्ती में से
लगभग 1230 प्रजातियां भारत में पाई जाती है,
www.teachersofbihar.org

# चेतना सत्र





उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमुर





# नन्हें कलाकार



प्रियाशां कुमारी वर्ग 5
न्यू प्रा.वि.भेरी चांद कैमुर



प्रितम कुमार वर्ग 5
प्रा.वि.भरुहिया चांद कैमुर

# नन्हें कलाकार




पर्दा उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमुर




परमीन वर्ग 2
उ.म.वि.लेदरी चांद कैमुर






पर्दा उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमुर

# नन्हें कलाकार






# ToB बालमन

दिसम्बर 2023

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....



बिट्टू: स्कूल से आज मैं जल्दी घर आ गया......
मां : क्या हुआ बेटा,आज क्यों घर जल्दी आ गए?
बिट्टू : हां मां। मैंने एक मच्छर मार दिया तो मैडम ने क्लास से बाहर कर दिया।
मां : क्या? एक मच्छर मारने पर बाहर क्यों कर दिया ?
बिट्टू: क्योंकि मच्छर मैडम के गाल पर बैठा था।

..........................................

सास : बहु कहां हो तुम?
बहु: होटल में हूं ।बहुत भूख लगी थी,इसलिए यहां खाना खा रही हूं।
आप कहां हो सासू मां ?





सास: लंगर मे......तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ी हूं,मिठाई मेरे लिए भी एक ले लेना।




# पेन वह पेंसिल














# पेन वह पेंसिल





**उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमुर**





# पेन वह पेंसिल









खुशबू कुमारी वर्ग 5
म.वि. गेहूंआ चांद कैमुर

# पेन वह पेंसिल




उ.म.वि.बडहरियां चांद कैमुर

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री

## भाग करने की मशीन

*** TLM का नाम और विवरण:- भाग करने की मशीन। यह डब्बे से बनाया गया** एक TLM **है** जिसके माध्यम से भाग की अवधारणा को स्पष्ट किया जा सकता है।

*** वर्ग कक्ष/वर्ग कक्षों का विवरण जिसके लिए TLM उपयुक्त हैं :-** कक्षा 2 एवं 3

*** अधिगम प्रतिफल का विवरण जिससे TLM संबंधित है:- इस TLM के अधिगम प्रतिफल निम्नांकित हैं-**

1. बच्चे छोटी राशि को बराबर बराबर बांट पाते हैं।
2. छोटी राशि में से बराबर बराबर घटा पाते हैं।
3. भाग की प्रक्रिया को समझ के साथ बताते हैं।

*** TLM को इस्तेमाल करने के तरीके:-** मान लिया जाए हमें 13 में 4 का भाग करना है। सबसे पहले हम चार चार की संख्या में गोली को पहले वाले विन्डो में डालेंगे। इस प्रकार तीन बार में 12 गोली समाप्त हो जाएगी। तीन बार के लिए 3 गोली बीच में तथा शेष बची एक गोली अंतिम वाले विन्डो में डाल देंगे। सामने से भागफल वाली खिड़की खोलने पर 3 गोली तथा शेषफल वाली खिड़की खोलने पर 1 गोली बाहर निकलेगी जो उपर्युक्त भाग का **परिणाम** है।

www.teachersofbihar.org

तीन बार के लिए 3 गोली बीच में तथा शेष बची एक गोली अंतिम वाले विन्डो में डाल देंगे। सामने से भागफल वाली खिड़की खोलने पर 3 गोली तथा शेषफल वाली खिड़की खोलने पर 1 गोली बाहर निकलेगी जो उपर्युक्त भाग का परिणाम है।

*** TLM के लिए आवश्यक सामग्री:-** कुट का डब्बा, बोतल का ढक्कन आदि।

*** अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो आवश्यक हो:-** कुछ नही।




## शिक्षक परिचय

1. नाम:- अवधेश राम
2. विद्यालय का नाम:- उत्क्र.म. वि. बहुआरा
3. प्रखंड:- भभुआ
4. जिला:- कैमूर
5. whatsapp no. :- 8581943379
6. email id :- awadheshram54@gmail.com



# चहक





प्रा.वि.लेदरी चांद, कैमुर

# चहक





प्रा.वि.सोनांव चांद कैमुर

# कविता

**मैडम ,सर कितने अच्छे_**

मैडम ,सर है कितने अच्छे,
हम सब बच्चों जैसे सच्चे।
खेल- खेल में हमें पढ़ाते,
ढेरो सी अच्छी बातें बताते।
हमारे लिए दिल के सच्चे,
लगते हैं प्यारे हमको।
हंसते मुस्कुराते सर , मैडम,
ज्ञान -दुनिया की कराते।
दौड़ भाग जब हम करते हैं,
सर, मैडम हमसे घुल-मिल कर
अपना बनाते।
मैडम सर है कितने अच्छे, हम
सब बच्चों जैसे सच्चे।
खेल-खेल में हमें पढ़ाते, ढेरो से
अच्छी बातें बताते।

प्रमोद कुमार "निराला"
क. म. वि.चांद,कैमुर, बिहार

**शरीर में दो का महत्व_**

बोली अनेक लेकिन होंठ दो,
करोड़ आवाज सुनते कान हुए दो।
सबको पहचाती आंखें भी दो,
इस पर सजे भंवे भी दो।
सुगंध सुघंता नाक एक में भी नथुने हुए दो,
दिल्ली की सैर कराए पैर भी हुए दो।
कान दो, होंठ भी दो।
दाएं बाएं कंधे भी दो,
दो बाहें, दो टांगे,
इसमें लगे अंगूठे भी दो।
वाह रे! शरीर के अंदर ,
किडनी भी बनी दो।
फेफड़ा भी दो,
भोजन करने के लिए दांत को सहारा देता हुए जबड़ा भी दो।
शरीर में पचे भोजन की सफाई करता आंत भी दो।
धन्य है दो , शरीर के अंदर ही दो
शरीर के बाहर भी दो।
दो,दो,दो,दो

प्रमोद कुमार " निराला"
क. म. वि.चांद,कैमुर, बिहार



# कहानी

सफलता का रहस्य_

एक युवक ने सफीक से सफलता का रहस्य पूछा?

सफीक ने उसे दूसरे दिन सुबह नदी के किनारे मिलने के लिए कहा। दूसरे दिन युवक सफीक से मिलने नदी के किनारे पहुंचा, तो उन्होंने उसे नदी में चलने के लिए कहा। जब पानी उनकी गर्दन तक पहुंच गया, तो सफीक ने अचानक युवक का सिर पानी में डूबा दिया। युवक पानी से बाहर निकालने के लिए छटपटाने लगा, पर सफीक काफी मजबूत थे। उन्होंने युवक को पानी में डुबोए रखा। युवक का शरीर जब नीला पड़ने लगा, तब सफीक ने उसका सिर पानी से बाहर निकाला। युवक के पानी से बाहर निकलते ही युवक ने सबसे पहले हवा में एक गहरी सांस ली। सफीक ने युवक से पूछा "जब तुम पानी के अंदर थे तो तुम्हें किस चीज की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस हो रही थी?"युवक ने जवाब दिया,"हवा की।"सफीक ने कहा,"सफलता का यही रहस्य है"। जब तुम्हें सफलता हासिल करने की वैसी ही तीव्र इच्छा होगी, जैसी की पानी के अंदर हवा के लिए हो रही थी, तब तुम्हें सफलता मिल जाएगी।

**बालमन टीम चांद, कैमूर**

# फोटो आंफ द मंथ








उ.म.वि.बहेरिया चांद कैमुर

# फोटो आंफ द मंथ



आतिश कुमार वर्ग 5
न्यू प्रा विं भेरी चांद कैमुर



उ.म.वि.ईचांव चांद कैमुर

# फोटो आंफ द मंथ




उ.उ.वि.जिगीना चांद, कैमुर




म.वि.गेहुआं चांद कैमुर

# फोटो आंफ द मंथ



प्रा.वि.सुरहां चांद कैमुर



म.वि.गेहूआं चांद कैमुर

# ToB बालमन क्विज
## दिसम्बर 2023

**1**

ष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

A. 24 अप्रैल B. 14 अक्टूबर
C. 14 नवंबर D. 24 दिसम्बर

**2**

निम्न में किसे लौह पुरुष भी कहते है ?

A.भीमराव अम्बेडकर B. महात्मा गांधी
C. सरदार पटेल D. भगत सिंह

**3**

एक स्वस्थ नेत्र का निकट बिंदु कहां होता है ?

A. 25 सेमी B. अनंत
C. 75 सेमी D. 1 मीटर

**4**

पुथंडू किस राज्य का एक पर्व है

A.बिहार B. तमिलनाडु
C.गुजरात D. अरुणाचल प्रदेश

**5**

भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर कहां है ?

A.पटना B. अहमदाबाद
C. कोलकाता D. भोपाल

सही उत्तर: 1.D ,2.C ,3.A,4.B,5.C




# दुसर प्रखंड आपन जिला








# दुसर जिला आपन राज्य









# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग



क.म.वि.चांद कैमूर




# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग



म.वि.पाढी





म.वि. केशरी




उ.म.वि.चन्दा

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग



TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## भारत vs द. अफ्रीका टेस्ट मैच से जुड़े तथ्य

1992-2009

IND Vs SA

### टेस्ट सीरीज रिजल्ट



**अजहरुद्दीन, कप्तान**
*साल: 1992-93*
नतीजा: 0-1 से हारे
मैच: 4




**सचिन तेंदुलकर, कप्तान**
*साल: 1996-97*
नतीजा: 0-2 से हारे
मैच: 3




**सौरव गांगुली, कप्तान**
*साल: 2001*
नतीजा: 0-1 से हारे
मैच: 2



**राहुल द्रविड़, कप्तान**
*साल: 2006-07*
नतीजा: 1-2 से हारे
मैच: 3

# हाथ धुलाई



# मिशन दक्ष





क.म.वि.चांद कैमूर





# मिशन दक्ष





क.म.वि.चांद कैमूर





# मिशन दक्ष



# कलाकृति




रोशनी कुमारी वर्ग 5
प्रा.वि.भरुहिया चांद, **कैमुर**




**शुभम कुमारी वर्ग 5**
**उ.उ.वि.भलुहारी चांद कैमुर**

# कलाकृति




सत्यम कुमार वर्ग 4



भूमि कुमारी वर्ग 5

प्रा.वि.भरुहिया चांद, कैमुर



दिग्विजय कुमार वर्ग 5



वर्षा कुमारी वर्ग 5

# कलाकृति

क.म.वि.चांद कैमूर






# बाल संसद



म.वि.पाढी चांद, कैमुर



# वीर बाल दिवस

क.म.वि.चांद कैमूर





# वीर बाल दिवस

क.म.वि.चांद कैमूर





# वीर बाल दिवस



म.वि. चांद, कैमुर



# मध्याह्न भोजन

**उ.म.वि.किलनी चांद, कैमुर**





# रंगोली स्पेशल






पर्दा उर्दू प्रा.वि.
करवन्दिया चांद कैमुर

# रंगोली स्पेशल






पर्दा **उर्दू** प्रा.वि. करवन्दिया
चांद **कैमुर**

# मेरी उड़ान





काजल कुमारी
वर्ग 9 बीं
गांधी स्मारक उच्च
विद्यालय चांद कैमुर

दौड़

**राज्यस्तरीय 100मीटर
और 200मीटर में
दवितीय**

# मेरी उड़ान



दैनिक भास्कर सासाराम / कैमूर भास्कर 30-11-2023

प्रतियोगिता • राज्य स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में कैमूर के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

## अंडर - 14 सौ मीटर दौड़ में काजल ने दूसरा अंडर-19 में विकास ने तीसरा स्थान पाया

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

राज्यस्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में कैमूर के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन जारी है। बता दें कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन कैमूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता जिला स्तर पर एथलेटिक्स खेल चयनित कैमूर बालक,बालिकाओं की पटना दरभंगा 28 से 30 नवंबर 2023 तक आयोजित राज्यस्तरीय विद्यालय



दौड़ में जीतने के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।

एथलेटिक्स कोच डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह,दिलीप कुमार पटेल,रविंद्र पासवान के नेतृत्व में भाग लिया। जिसमे 29 नंबर तक का परिणाम इस

100 मीटर दौड़ में काजल कुमारी द्वितीय स्थान, अंडर 19 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में विकास चौधरी ने तृतीय स्थान जबकि इसी ग्रुप में ऊंची

प्राप्त किया है।इस जीत के लिए जिल खेल उपाधीक्षक ओम प्रकाश कुमा ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई है।शेष एथलेटिक्स विधा प्रतियोगिता गुरुवार को होगी। इस मौ पर एथलेटिक्स कोच, कबीरअल अखिलेश कुमार सिंह,विश्वजी कुमार, शारीरिक शिक्षक राजवंश दु पप्पू कुमार,उदय पांडेय, शौकत अल गद्दी,उदय शंकर राय, अमरेश बहा सिंह, अनिता कुमारी, अर्पिता सिं खुशी मौर्या, ओम प्रकाश राम कुलदीप सिंह, कन्हैया कुमार औ कोच लक्षण पासवान ने खुशी जाहि

ब्रीफ न्यूज

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कैमूर के प्रदर्शन पर हर्ष का माहौल



**भभुआ (रासासं) :** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार,राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन कैमूर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता 2023-24 जिला स्तर पर एथलेटिक्स खेल में चयनित, कैमूर बालिकाओं की राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेल 28 से 30 नवंबर तक पाटलिपुत्रा स्पोर्ट कांपलेक्स पटना में आयोजित राज्यस्तरीय विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता एथलेटिक्स कोच, डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह,दिलीप कुमार पटेल ,के नेतृत्व में भाग लिया था जिसका आज संपन्न किया गया। राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में कैमूर के अंडर 19 बालिका वर्ग में 3 किलो मीटर पैदल चाल में पुष्पांजली कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है वही अंडर 14 बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में काजल कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त की। इस जीत के लिए जिला खेल उपाधीक्षक ओम प्रकाश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। इस मौके पर एथलेटिक्स कोच, कबीर अली, अखिलेश कुमार सिंह, विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक राजवंश दुबे, पप्पू कुमार, उदय पांडेय, शौकत अली गद्दी, उदय शंकर राय, अमरेश बहादुर सिंह, अनिता कुमारी, अर्पिता सिंह, खुशबू मौर्या, ओम प्रकाश राम, कुलदीप सिंह, कन्हैया कुमार और कोच लक्षण पासवान ने खुशी जाहिर कर बधाई दी।

# गणित दौड़



# पुरस्कार वितरण







# महत्वपूर्ण दिवस

1 दिसंबर- विश्व एड्स दिवस
2 दिसंबर- राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस
3 दिसंबर- विश्व विकलांग दिवस
4 दिसंबर- भारतीय नौसेना दिवस
22 दिसंबर-राष्ट्रीय गणित दिवस
25 दिसंबर- क्रिसमस डे
26 दिसंबर -वीर बाल दिवस

बालमन टीम चांद कैमूर



आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

Thank you

